

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड यादव समाज विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सीडब्ल्यूसी मेंबर एवं उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव से राज्य अतिथि गृह बीजापुर गेस्ट हाउस देहरादून में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री सुशील राठी के साथ मिला और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर यादव समाज विकास समिति के अध्यक्ष आर डी यादव एवं महासचिव मनोज कुमार यादव एडवोकेट के द्वारा देवेंद्र यादव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राज्य में यादव समाज की सामाजिक विषय एवं समस्याओं को लेकर प्रभारी से चर्चा की।

### भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की कमान तमिलनाडु की वानती को मिली

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की कमान तमिलनाडु की वानती श्रीनिवासन को मिली है और पहले तमिलनाडु भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष वानती श्रीनिवासन को पार्टी ने यह बड़ी जिम्मेदारी देकर उनका कद बढ़ाया है और इससे कार्यकर्ताओं में खुशी है और उन्होंने एक दूसरे को मिष्ठान्न वितरित किया।

### जनता की अदालत सबसे बडी अदालत

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने केवल स्टे दिया है और जनता की अदालत सबसे बडी अदालत है और जनता मान चुकी है कि प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह मामला न्यायालय में है और जब तक जांच पूरी नहीं होती है तब तक मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने लॉन्च किया 2020 बीएमडब्ल्यू लाइफस्टाइल कलेक्शंस

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने भारत में 2020 बीएमडब्ल्यू लाइफस्टाइल कलेक्शंस लॉन्च किया है इस नवीनतम पेशकश में शहरी जीवनशैली के लिए नवाचारी उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला सम्मिलित है जो सादगी और टिकाऊ गुणवत्ता का पर्याय है। ये कलेक्शंस अब पूरे देश में सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर उपलब्ध हैं। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू लाइफस्टाइल कलेक्शंस आधुनिकए सुडौल और कार्यशील अर्बन फैशन का निरूपण है। उच्च गुणवत्ता वाले पदार्थों और कारीगरी में गुणवत्ता के वही मानदंड दिखाई देते हैं जो बीएमडब्ल्यू कारों के निर्माण में लगे होते हैं।

# त्यौहारों के समय में और सजग रहने की आवश्यकता हैः सीएम

**निर्देश**

■मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग एवं विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाए

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में कोविड–19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये कि त्यौहारों के समय में और सजग रहने की आवश्यकता है। त्यौहारों के समय भीड़ तेजी से बढ़ेगी। इसके लिए मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग एवं विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाए। स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों के बेहतर तालमेल से कोविड पर नियंत्रण के प्रभाव दिख रहे हैं, लेकिन इस तरह की सतर्कता लगातार बरतनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों को मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के लिए जागरूकता के साथ ही शालीनता से व्यवहार रखा जाय। मास्क का उपयोग न करने पर चालान करना मकसद नहीं होना चाहिए, जो लोग बिना मास्क के घर से बाहर निकल रहे हैं, उन्हें मास्क उपलब्ध कराये जाए एवं मास्क को सही तरीके से लगाने के लिए जागरूक भी किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कोविड से बचाव के लिए अनुशासित तरीके से पैदल मार्च कर जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसमें वर्दीधारी विभागों पुलिस, वन विभाग के अलावा मीडिया, सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों, छात्र संगठनों, महिला समूहों, किसान संगठनों एवं कोविड विनर्स के माध्यम से पैदल मार्च कर लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 02 नवम्बर से 10वीं एवं 12वीं की कक्षाएं स्कूलों में शुरू होंगी, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी स्कूलों में सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क की अनिवार्यता का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। सार्वजनिक स्थानों, पर्यटक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग कराई जाय।

मुख्य सचिव श्री ओम प्रकाश ने कहा कि लोगों को जागरूक किया जाय कि कोविड के लक्षण पाये जाने पर शीघ्र कंट्रोल रूम एवं हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल करें। लापरवाही बिल्कुल न बरती जाय। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाय। सभी जिलों से फ्रंट लाईन वर्कस, को–मॉर्बिड, ओल्ड एज एवं प्रेगनेन्ट महिलाओं की लिस्ट अपडेट रखी जाय। सैंपल टेस्टिंग में पेंडेंसी न रहे। युवाओं को मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिए प्रेरित किया जाय। भीड़ वाले स्थानों एवं कार्यालयों में थर्मल स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से हो।

सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने कहा कि राज्य में कोरोना से रिकवरी रेट में सुधार हुआ है। ऑक्सीजन एवं आईसीयू बेड पर्याप्त मात्रा में हैं। उन्होंने कहा कि गंगा के किनारे घाटों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णतया अनुपालन कराया जाय। त्यौहारों के दृष्टिगत मानव संसाधन बढ़ाये जाय। होम क्वारंटीन पर रह रहे लोगों के स्वास्थ्य के बारे में नियमित जानकारी ली जाय। 01 नवम्बर से दून मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज एवं अन्य अस्पतालों में ओपीडी चालू करने की तैयारी है।

इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय, दिलीप जावलकर, एस.ए.मुरुगेशन, आईजी संजय गुंज्याल, अपर सचिव युगल किशोर पंत, डीजी स्वास्थ्य डॉ. अमिता उप्रेती, वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी, एसएसपी एवं सीएमओ उपस्थित थे।

### चालान के साथ ही मास्क भी वितरित किये जा रहेः डीजी ला एण्ड आर्डर

डीजी लॉ एण्ड आर्डर अशोक कुमार ने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के लिए पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चालान के साथ ही मास्क भी वितरित किये जा रहे हैं। भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। त्योहारों के दृष्टिगत व्यापारिक संगठनों से दुकानों में मास्क एवं सेनीटाईजर की पर्याप्त व्यवस्था एवं नियमों के पालन के लिए समन्वय बैठकें की जा रही हैं।

# इस्तीफा लेने के बाद ही लेंगें दमः आप

**मांग**

■ सीएम के इस्तीफे की मांग को लेकर आप कार्यकर्ताओं का मुख्यमंत्री आवास कूच

देहरादून। **संवाददाता**




मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिये जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आक्रमक रूख अपनाते हुए मुख्यमंत्री आवास कूच किया। इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई और बाद में सभी बैरीकैडिंग पर धरने पर बैठ गये। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के मुखिया का इस्तीफा लेकर ही पार्टी कार्यकर्ता दम लेंगें। यहां पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनंद के नेतृत्व में कार्यकर्ता दिलाराम बाजार में इकटठा हुए और वहां से प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के इस्तीफे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच किया। नारेबाजी करते हुए जैसे ही कार्यकर्ता हाथीबड़कला पुलिस चौकी के समीप पहुंचे तो पुलिस ने बैरीकैडिंग लगाकर सभी को रोक लिया और इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक व धक्का मुक्की हुई और बाद में सभी वहीं धरने पर बैठ गये। वक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई जांच के आदेश के बाद मुख्यमंत्री को नैतिकता और पद की गरिमा को देखते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था और सीबीआई जांच में पूरा सहयोग करना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं देते है तब तक आंदोलन को जारी रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि आप पार्टी का इस पूरे मामले में यह कहना है कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले मुख्यमंत्री रावत पर खुद भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं और हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेशों के बाद मामला और भी गंभीर हो गया, इसलिए मुख्यमंत्री अपने पद से तुरंत इस्तीफा दे लेकिन अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। इस अवसर पर सैकडों कार्यकर्ता शामिल थे।

### झारखंड लेन देन प्रकरण में सीएम पत्नी संग एनजीओ को भी ले डूबेः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि झारखंड लेन देन प्रकरण के तार जिस एनजीओ से जुड़े हैं, उसमें मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता रावत स्वयं उपाध्यक्ष एवं हरेंद्र सिंह रावत अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि इन एनजीओ उत्तरांचल सोसायटी फॉर ह्यूमन अफेयर्स एंड एडवांसमेंट (ऊषा) एवं प्रोग्रेसिव डेरी फारमर्स वेलफेयर एसोसिएशन में भी हरेंद्र रावत अध्यक्ष हैं और इसके अलावा नालंदा कॉलेज ऑफ एजुकेशन नामक एनजीओ में भी रुपया ट्रांसफर करने का जिक्र पीड़ित ने किया है और इन दोनों –तीनों एनजीओ के मुख्य कर्ताधर्ता त्रिवेंद्र सिंह रावत हैं। उन्होंने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात की उक्त एनजीओ के मकसद बीपीएल पात्रों का उत्थान एवं किसानों का सुदृढ़ीकरण आदि था, लेकिन इन एनजीओ के जरिए एक तरह से हवाला कारोबार किए जा रहे हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०– 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं० UTTHIN\2005\15735 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।